आइआइएम में स्वच्छता का संकल्प

रांची. सूचना भवन स्थित आइआइएम में बुधवार को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनायी गयी. स्वच्छता ही सेवा कैंपेन का समापन हुआ. निदेशक डॉ प्रो शैलेंद्र सिंह ने महात्मा गांधी के कुटीर उद्योग, स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल, प्राथमिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष रूप से जोर दिया. सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही.

साथ ही लोगों को जल संरक्षण पर जोर देते हुए बेवजह पानी की बर्बादी न करने का संदेश दिया. साथ ही विद्यार्थियों ने उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिये गये गांव की रिपोर्ट पेश की.

Prabhat Khabar, 03.10.2019, Pg. 19